भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 774**

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2020
17 माघ, 1941 (शक)

## राष्ट्रीय खेल आयोजित करने में विलंब

**774. सुश्री एस॰ जोतिमणिः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में राष्ट्रीय खेल आयोजित करने में हुए विभिन्न तिथियों को आगे बढ़ाने और विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने में राज्यों ने किन समस्याओं का सामना किया है और तत्संबंधी रद्दीकरण के क्या कारण हैं;

(ग) आगामी पांच वर्षों में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तिथियां और मेजबानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) एथलीटों और दर्शकों में राष्ट्रीय खेलों के संवर्धन के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ङ) तमिलनाडु के करूर जिले में आने वाली सरकारी खेल अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) से (घ) : राष्ट्रीय खेलों का आयोजन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा किया जाता है । आईओए राष्ट्रीय खेलों के स्थल और तारीखों का निर्धारण करता है । केंद्र और राज्य सरकार राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए आईओए की सहायता करती हैं । आईओए नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कर नहीं सका है । आईओए से राष्ट्रीय खेलों का आयोजन नियमित अंतराल पर करने के लिए आग्रह किया गया है । पिछले राष्ट्रीय खेल वर्ष 2015 में केरल में आयोजित किए गए थे । अगले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 20 अक्तूबर, 2020 से 4 नवंबर, 2020 तक गोवा में किया जाना है । आईओए ने सैंतीसवें, अड़तीसवें और उनतालीसवें राष्ट्रीय खेल क्रमशः छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और मेघालय को

आवंटित किए हैं । यह मंत्रालय 2018 से खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन कर रहा है । पहले खेलो इंडिया गेम्स 31 जनवरी से 8 फरवरी, 2018 तक दिल्ली में आयोजित किए गए थे । दूसरे और तीसरे खेलो इंडिया गेम्स क्रमशः 9 जनवरी से 20 जनवरी, 2019 तक पुणे में और 10 जनवरी से 22 जनवरी, 2020 तक गुवाहाटी में आयोजित किए गए । केंद्र सरकार खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स भी आरंभ कर रही है । पहले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स कटक और भुवनेश्वर में 22 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक आयोजित किए जाने हैं ।

(ङ) तमिलनाडु के करूर जिले में खेल अवसंरचना संबंधी कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है । खेल राज्य का विषय होने के कारण जिला और उप जिला स्तर सहित खेल अवसंरचना का उत्तरदायित्व मुख्यतः राज्य सरकार का होता है ।

****